# भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् में पांच दिवसीय हिंदी कार्यशाला सम्पन्न

### विषय – यूनिकोड हिंदी टाइपिंग

### दिनांक – 29 मई से 02 जून 2023 तक

राजभाषा हिन्दी में काम करने के लिए कार्मिकों को सक्षम बनाने हेतु भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् तथा वन अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय (दिनांक 29 मई से 02 जून 2023 तक) राजभाषा हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल समापन दिनांक 02 जून, 2023 को किया गया। वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के सू.प्रौ. एवं जीआईएस लैब में आयोजित हिंदी कार्यशाला के समापन सत्र में उपस्थित श्री एस.के थॉमस, कुलसचिव, व.अ.सं. ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को अपना काम अधिक से अधिक राजभाषा हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में प्रतिभागियों की हिन्दी टाइपिंग सीखने की रुचि की सराहना करते हुए आग्रह किया कि वे भविष्य में आयोजित होने वाले हिन्दी कार्यशालाओं में भी प्रतिभागिता करते रहें। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान उन्नत प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कुलसचिव महोदय के कर-कमलों से पुरस्कृत किया गया। अंत में, श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया।